पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

——————

छात्र–छात्राएं जिन्दगी में हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करें

——————

बेटियां पढ़ती हैं तो सात पीढ़ियों तक ज्ञान का प्रसार होता है

——————

शिक्षक विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचाने और विकसित करें

——————

अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 27 जनवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के उन्नीसवें दीक्षान्त समारोह का यहां राजभवन से वर्चुअली शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दीक्षान्त समारोह का यह दिन विद्यार्थी के जीवन में एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण होने का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए और सामाजिक–मानवीय मूल्यों को बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राएं जिन्दगी में हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करें। इसके साथ ही कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता, ईमानदारी, करूणा और दया जैसे गुणों को भी अपनाएं और सर्वगुण सम्पन्न होकर प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दें।

समारोह में राज्यपाल जी के शुभाशीष के साथ छात्र–छात्राओं को 92 गोल्ड मेडल प्रदान किये गये, जिसमें से 62 गोल्ड मेडल छात्राओं ने प्राप्त किये। बेटियों के अधिक मेडल प्राप्त करने पर राज्यपाल जी ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि बेटियां पढ़ती हैं तो सात पीढ़ियों तक ज्ञान का प्रसार होता है। वे स्वयं शिक्षित होती हैं तो अपने बच्चों को भी शिक्षा देने में समर्थ होती हैं, हमारी बेटियां उच्च शिक्षा की ओर बढ़ रही हैं। समान अवसर मिलने पर प्रायः हमारी बेटियां लड़कों से आगे निकल जाती हैं। आज की बेटियों की यह संख्या इसी बात का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने छात्रों को भी अधिक मेहनत कर उपलिब्धयां प्राप्त करने को प्रेरित किया।

कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन में परिवार, समाज और देश के प्रति कर्तव्यशील रहने को कहा। उन्होंने कहा कि आपके जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण में इन सबने आपका साथ दिया है और आपका सहयोग किया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बदलते समय और सन्दर्भों के साथ स्वयं को अपडेट रखें। शिक्षक विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचाने और विकसित करें, जिससे विद्यार्थी स्वयं अपने तथा देश एवं समाज के विकास के लिये औपचारिक शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग कर सकें। प्रदेश में आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत राज्यपाल जी ने अपील की कि 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु के विद्यार्थी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि एवं संघ लोक सेवा आयोग, दिल्ली के अध्यक्ष, डॉ0 प्रदीप कुमार जोशी ने अपने सम्बोधन में शिक्षा में रोजगारपरक कौशल विकास के साथ–साथ मानवीय मूल्यों की स्थापना करने वाले विषयों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए अपने संविधान और मूल कर्तव्यों की जानकारी जरूरी है। डॉ0 कुमार ने विद्यार्थियों को सतत् ज्ञान प्राप्त करते रहने और अपने क्षेत्र में चरमोत्कर्ष प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में राज्यपाल जी ने क्षय रोग से ग्रसित बच्चों की मदद के लिए विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई वेबसाइट का उद्घाटन एवं विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन, कुलपति द्वारा लिखित पुस्तक Incubating startup in Universities रिसर्च कम्पैडियम एवं विश्वविद्यालय की परिनियमावली के नवीनतम् संस्करण–2022 का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो0 के0पी0 सिंह ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव डोहरिया एवं पडरी में बच्चों के लिए 50 बैग, 100 पुस्तकें व मिठाई भेंट की गई हैं। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत बच्चों को समारोह में न बुलाकर भेंट उनके गावों में उपलब्ध कराई जायेगी।

समारोह में कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्यगण, शिक्षकगण, उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा अभिभावक उपस्थित थे।

———————

राजभवन (135/18)
डॉ0 सीमा गुप्ता/8318116361

नवदश दीक्षान्त समारोह
The 19th Convocation
कुलाधिपति
मुख्य अतिथि
Research Cell
राजभवन उत्तर प्रदेश
RESEARCH COMPENDIUM 2015-2021
Governor Uttar Pradesh


राजभवन उत्तर प्रदेश
RESEARCH COMPENDIUM 2015-2021


राजभवन उत्तर प्रदेश
Governor Uttar Pradesh